इसी तरह के टावर खड़े करने के लिये। इस ठेके में केवल सिविल इंजीनियरिंग सम्बन्धी काम और टावर खड़े करने का काम किया जा रहा है। टावर डाक और तार विभाग सप्लाई कर रहा है।

(घ) यह सूचना रेलों के पास उपलब्ध नहीं है।

(ङ) कम्पनियों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार मैसर्स एस० ए० ए० एस० इंजीनियरिंग कम्पनी (प्राइवेट) लिमिटेड के निदेशकों के नाम इस प्रकार हैं :—

(i) श्री एस० राय चौधरी
(ii) श्री पी० के० साहा
(iii) श्री ए० के० सरकार

और मैसर्स एस० ए० ए० एस० टावर (प्राइवेट) लिमिटेड के निदेशकों के नाम इस प्रकार हैं :—

(i) श्री बी० सी० गुहा
(ii) श्री एस० राय चौधरी
(iii) श्री ए० के० सरकार
(iv) श्री पी० के० साहा।

निदेशकों के कार्य-काल का रेलों को पता नहीं है।

मुगलसराय रेलवे लोको शैड के कर्मचारियों द्वारा हड़ताल

3928. श्री कम चन्द कछवाय : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुगलसराय लोको शैड के कर्मचारियों ने मई, 1968 में हड़ताल की;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण थे और वे कितने दिनों तक हड़ताल पर रहे; और

(ग) सरकार ने इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) मुगलसराय लोको शैड के कुछ सेकेण्ड फायरमैन और क्लीनरों की गैर-हाजिरी और ऊंचे ग्रेडों में स्थानापन्न काम करने से इन्कार करने के कारण गाड़ियों के सामान्य संचालन में रुकावट पड़ी।

(ख) आंदोलन इसलिए किया गया था ताकि ऊंचे ग्रेडों में पदोन्नति/स्थायीकरण आदि सेवा सम्बन्धी अपनी शिकायतों की ओर वे रेल प्रशासन का ध्यान दिला सकें।

यह बताना संभव नहीं है कि आंदोलन कितनी अवधि तक चला क्योंकि बहुत से कर्मचारियों ने बीमार होने की सूचना दी तथा छुट्टी आदि के लिए अर्जी भेजी।

(ग) जिन मांगों पर नियमों के अन्तर्गत विचार किया जा सकता था, उन पर कार्रवाई की गई है।

दिल्ली और नई दिल्ली स्टेशनों पर गाड़ियों का देर से आना

3929. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 24 घण्टों में दिल्ली और नई दिल्ली स्टेशन पर कितनी यात्री गाड़ियां आती हैं और उक्त अवधि में इन स्टेशनों से कितनी यात्री गाड़ियां छूटती हैं;

(ख) क्या यह सच है कि 17 जून, 1968 को दिल्ली और नई दिल्ली स्टेशन पर पहुंचने वाली अधिकांश यात्री गाड़ियां देर से आई थीं; और

(ग) यदि हां, तो कितनी गाड़ियां अपने पहुंच समय के पश्चात् पहुंची थीं और वे कितना-कितना समय देर से आई थीं।

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) प्रत्येक ओर से नई दिल्ली/दिल्ली स्टेशनों पर क्रमशः 52 और 76 गाड़ियां आती हैं और यहां से छूटती हैं।